धोनी बल्लेबाज को काफी तेज स्टंप करने में माहिर हैं। 43 साल की उम्र में भी धोनी में अभी भी वह फुरती हैं। धोनी ने 2019 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन वह आईपीएल में अभी भी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए विकेटकीपिंग करते हैं। - रवि शास्त्री

भारत के पूर्व कोच, लंदन में हॉल ऑफ फेम कार्यक्रम के तहत बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

वेस्टइंडीज टीम के बांये हाथ के तूफानी बल्लेबाज एवं पूर्व कप्तान निकोलस पूरन ने महज 29 वर्ष की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पूरन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा, बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। इसके साथ खुशी, उद्देश्य और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की यादें है। मैरून रंग पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

क्या आप जानते हैं ?... ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भिड़ेंगे। दोनों टीमें 113 साल पहले भी लॉर्ड्स पर टेस्ट मैच में भिड़ चुकी हैं।

पहला आईसीसी खिताब जीतने के लिए दक्षिण अफ्रीका को तोड़ना होगा ऑस्ट्रेलियाई तिलिस्म

लंदन, 10 जून। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है। दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनायी है।

टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है।

तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे

युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है।

कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर आस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है। मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

दक्षिण अफ्रीका के साथ कल से शुरु हो रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया एकादश इस प्रकार है:- उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश इस प्रकार है:- एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने से चूकने पर भी टीम इंडिया को मिलेंगे करोड़ों रुपये

नई दिल्ली, 10 जून। 11 जून से 15 जून तक इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वहीं जो भी टीम चैंपियन बनेगी उसे प्राइज मनी के तौर पर करोड़ों की धनराशि मिलेगी। हालांकि, चैंपियन टीम के अलावा रनर-अप टीम और भारतीय टीम पर भी पैसों की बारिश होगी।टीम इंडिया भले ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच पाई हो लेकिन उस पर आईसीसी की तरफ से पैसों की बरसात होगी। उसे तकरीबन उतने पैसे मिलेंगे जितने पैसे 2021 और 2023 के डब्ल्यूटीसी चैंपियन को मिले थे। ये मुमकिन हुआ है इसलिए कि आईसीसी ने डब्ल्यूटीसी की इनाम राशि को बढ़ाकर तकरीबन दोगुना कर दिया है। तीसरे नंबर पर रहकर इस बार फाइनल चूकने पर भारत को 14.4 लाख डॉलर यानी करीब 12.32 करोड़ रुपये मिलेंगे। पिछले दो फाइनल में भारत हारकर रनर अप रहा था तब उसे 8-8 लाख डॉलर ही मिले थे।

इस बार फाइनल जीतने वाली टीम को 36 लाख डॉलर की इनाम राशि मिलेगी। ये 2021 की चैंपियन न्यूजीलैंड और 2023 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को तब मिली इनाम राशि के दोगुने से भी ज्यादा है। इस बार डब्ल्यूटीसी फाइनल हारने वाली टीम को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे। यानी इस बार के रनरअप को पिछले दो चैंपियंस को मिली इनाम राशि से भीज्यादा मिलेंगे। 2023 में ऑस्ट्रेलिया और 2021 में न्यूजीलैंड को डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने पर 16-16 लाख डॉलर ही मिले थे। दोनों ही बार फाइनल में टीम इंडिया को हार मिली थी और उसे 8-8 लाख डॉलर की इनाम राशि मिली थी। इस बार तीसरे नंबर पर रहने वाली भारतीय टीम को 14.4 लाख डॉलर मिलेंगे जो भारतीय मुद्रा में करीब 12.32 करोड़ रुपये है।

यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे गायकवाड़

लंदन, 10 जून। राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। रुतुराज

गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है। वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। रुतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे।

28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41.77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56.15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा, मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।

राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता

जयपुर, 10 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया कि बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में आज सवाई माधोपुर, नागौर, भरतपुर, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जोधपुर ,चित्तोड़, बांसवाड़ा, पाली, अजमेर, झुंझनू जीते। कोल्विन शील्डमें आज सबसे बड़ा धमाका जोधपुर में हुआ। वास्तविकता के पहले जोधपुर के खिलाफ 425 ब्लास्ट का रिकॉर्ड खड़ा किया गया। बाद में असेंबल को 56 टुकड़ों पर आउट कर 369 टुकड़ों में बनाया गया। जोधपुर के जीत सीजन में अभी तक खेले गए मुकाबलों की सबसे बड़ी जीत रही। कोल्विन शील्ड के चौथे दिन कुल 6 खिलाड़ियों ने शतक ठोके। वहीं 5 लोग ऐसे रहे, मैच में 5 या 5 से ज्यादा विकेट अपने नाम। आज भूपेंद्र शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, भवानी सुथार, अजय भाटी, सौरव यादव, तनिष्क सिंघल, अनिरुद्ध

सिंह, कार्तिक शर्मा, शुभम गढ़वाल, रामनिवास गोलाडा, विजय कुमावत, हनुमान बेनीवाल, रमन घारू, मीत भावसार, सचिन शर्मा, देवव्रत शर्मा, अजय राज सिंह, करण मीणा, नवीन कुमार का शानदार प्रदर्शन रहा।

दौसा को रोमांचक मुकाबले में हनुमानगढ़ ने एक विकेट से हराया

जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया गया की कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में दौसा का दूसरा मैच हनुमानगढ़ से था जिसमे हनुमानगढ़ ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी को चुना। इस अहम मुकाबले में दौसा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत अच्छी नहीं रही दौसा की टीम 20 रन पर पांच विकेट गिर गए फिर बल्लेबाजी के लिए सचिन शर्मा ने आक्रामक पारी खेलते हुए 90 रन और देवकृत शर्मा ने नाबाद 80 रन बनाए जिसकी बदौलत 213 रन का स्कोर खड़ा किया। बाद में बल्लेबाजी करते हुए हनुमानगढ़ को दौसा के गेंदबाजों ने कसकर गेंदबाजी की और अंतिम ओवर तक हनुमानगढ़ की टीम को बांधकर रखा परंतु हनुमानगढ़ ने एक विकेट से जीत दर्ज की ।दौसा की ओर से गेंदबाजी करते हुए करण मीणा ने 42 रन देकर 5 विकेट और ध्रुव सेठी ने 38 रन देकर दो विकेट लिए। सचिव बृजकिशोर उपाध्याय द्वारा सभी खिलाड़ियों को आगामी मैचो में अपनी कमजोरी को दूर कर शानदार खेलने हेतु प्रेरित किया। दौसा का अगला मैच कल अजमेर से होगा ।

जयपुर जिले की अंडर-14 और अंडर-15 बॉयज फुटबॉल टीम के चयन हेतु ट्रायल

जयपुर, 10 जून। राजस्थान फुटबाल संघ अंडर 15 बालक वर्ग की स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता 22 जून से 24 जून तक सीकर में और अंडर 13 बालक वर्ग की स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता 27 जून से 30 जून तक अजमेर में आयोजित करने जा रहा है। इसमें भाग लेने वाली जयपुर जिले की टीम के चयन हेतु एक ट्रायल का आयोजन आगामी 15 जून (रविवार) को चौगान स्टेडियम, जयपुर में आयोजित की जा रही है। अंडर 15 बालक प्रतियोगिता के लिए 2010 और 2011 में जन्म लिए खिलाड़ी और अंडर 13 बालक प्रतियोगिता के लिए 2012 और 2013 में जन्मे खिलाड़ी और उनका आधार कार्ड जयपुर जिले का है यानी कि वह जयपुर जिले के निवासी हैं वह इस ट्रायल में भाग लेने के लिए पात्र हैं। सभी इच्छुक खिलाड़ियों को रविवार 15 जून को सुबह 7:00 बजे तक चौगान स्टेडियम के फुटबॉल मैदान पर ट्रायल हेतु रिपोर्ट करनी है। ट्रायल में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक खिलाड़ियों को 14 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें ट्रायल में भाग लेने नहीं दिया जाएगा। संपर्क सूत्र - अब्दुल जब्बार (9928369917), मनोज शर्मा (9414441770), डॉ दिलीप सिंह चुंडावत (9314441705), सेबी फिलिप्स (9828999467)

अजमेर

न्याय की गुहार

भीलवाड़ा। जिले के फुलियाकला थाना क्षेत्र स्थित नई राज्यास के पुजारी जगदीश वैष्णव ने जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायत में पुजारी ने बताया की मेरे कोई सतानं नही होने के कारण अभियुक्तगण कैलाश पिता मदन लाल वैष्णव, राजेंद्र पिता कैलाश वैष्णव, द्वारका पुत्र कैलाश वैष्णव, रामेश्वर वैष्णव व रामलाल वैष्णव मेरी जायदाद को जबरन हड़प करना चाहते है। मुझे मंदिर की ओर से मंदिर भूमि डोली के रूप में दी गयी है। जिस पर परिवादी पूर्वजों के समय से भूमि कब्जा काश्त कर फसल काश्त करते चले आ रहे है। परिवादी का जायन्दा संतान नही होने के कारण यह सभी उक्त भूमि को हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। परिवादी जगदीश वैष्णव का पुश्तैनी भूमि मकान भूखण्ड व बाड़ा एवं सोनें चांदी के जर जैवरात मादलिया ढाई तोले सोने आदि भी इस लोगो के जगदीश को विश्वास में लेकर ले लिए और भूमि हड़पने की नियत से जबरन गाली गलौज और मारपीट करते हैं। रिपोर्ट में बताया की आज से 1 वर्ष पूर्व यह सभी लोगों ने खेत पर जाते समय जगदीश से लकड़ियों से मारपीट की वही आज से 15 दिन पूर्व भी आरोपी राजेंद्र जबरन अनाधिकृत मकान में प्रवेश कर मारपीट कर जायदाद की वसीयत अपने नाम करने की मांग करने लगा और जान से खत्म करने की धमकी दी गई और जायदार पर जबरन कब्जा कर लिया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने की योजनाओं में प्रगति की समीक्षा

अजमेर (कासं)। राज्यपाल की योजनाओं तथा कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। संभागीय आयुक्त हेमन्त गेरा तथा जिला कलेक्टर लोकबन्धु ने हरिभाऊ बागडे द्वारा मंगलवार को रीट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर केन्द्र एवं राज्य सरकार विभिन्न विभागों की योजनाओं में प्रगति से अवगत कराया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि आगामी मानसून के दौरान पौधारोपण के लिए बड़े पौधों को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसकी तैयारी अग्रिम करनी ठीक रहेगी। लगाए गए पौधों के लिए पानी तथा सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करें। इन पौधों के जिवितता प्रतिशत को बढ़ाने के लिए समस्त स्तरों से प्रयास होने चाहिए। सुरक्षा तथा पानी उपलब्ध करवाने वाले क्षेत्र को ही पौधारोपण के लिए चुनें।

उन्होंने कहा कि नरेगा योजना में प्रति जॉब कार्ड औसत श्रमिक दिवस बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए नए कार्य स्वीकृत करने के साथ ही श्रमिकों को भी जागरूक करें। स्वामित्व योजना के पट्टा पार्सल का वितरण कर समस्त व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य करें। स्वच्छ भारत अभियान एक सतत प्रक्रिया है। समस्त परिवारों के शौचालय कार्यशील रहने चाहिए। संग्रहित कचरे का पृथ्ककरण करने के पश्चात आर्थिक गतिविधियों में उपयोग सुनिश्चित करें। पर्यावरण संरक्षण को केन्द्र में रखकर कचरा किसी भी परिस्थितियों में जलाया नहीं जाए ।

उन्होंने कहा कि जिले की प्रत्येक बसावट में चार पहिया वाहनों के माध्यम से आवागमन संभव करवाने के लिए सड़क सम्पर्क आवश्यक है। डामरीकरण से वंचित सड़कों के लिए विभिन्न मदों का उपयोग कर मोटरेबल सड़क बनाए। जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाकर प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाएं। इन्हें पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए स्थाई व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए पंचायत समिति स्तर पर कार्यों की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लिया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन को बढ़ाने की आवश्यकता है। राजकीय कार्यलय भवनों की छतों तथा परिसरों के खाली स्थान का इसके लिए उपयोग करें। जिले के चिकित्सा केन्द्रों पर पर्याप्त स्टाफ होना चाहिए। कोरोना के प्रति सावधानी रखें। जिले को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को केन्द्र में रखकर कार्य करें। उचित मूल्य की दुकानों पर वन नेशन वन राशन कार्ड के अनुसार बाहरी राज्यों के व्यक्तियों को भी गेंहु मिलना सुनिश्चित रखें।

उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं के टीकाकरण का कार्य लगातार जारी रखा जाना चाहिए। बैठक में राइजिंग राजस्थान के एमओयू की भी समीक्षा की गई। राजिविका के निष्क्रिय स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय करें। उन्हें उद्यम की तरह से संचालित करने के लिए तैयार किए जाने की आवश्यकता है। समूह स्वयं को संचालित करने में सक्षम होना चहिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना, नगर निगम आयुक्त देशल दान, मुख्य वन संरक्षक विरेन्द्र सिंह जोरा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं वन्दना खोरवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बेटी प्रतिभा सम्मान का आयोजन

ब्यावर (निसं) राजस्थान के महिला शिक्षा जगत में विशिष्ठ स्थान रखने वाला एक मात्र अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सुशोभित संस्थान श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा बेटी प्रतिभा सम्मान से ब्यावर क्षेत्र की शैक्षिणक प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने बताया कि प्रथम चरण में सीनियर सेकंडरी कक्षा 12वीं राजस्थान शिक्षा बोर्ड एवं केंद्रीय शिक्षा बोर्ड में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं ठ्रुप के शैक्षिणक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा बेटी प्रतिभा को सम्मानित किए जाने से ब्यावर क्षेत्र की शैक्षिणक प्रतिभाओ को प्रोत्साहन के साथ गौरव की अनुभूति होगी।इसके तहत चयनित छात्राओं को आकर्षक प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया जाएगा।क्षेत्र की 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक लाने वाली छात्राओं से आव्हान किया गया है कि 15 जून से पूर्व श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय कृष्णा कॉलोनी में आकर सम्मान हेतु अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकती है अथवा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।हेल्प लाइन नम्बर 8764939600 पर भी सम्पर्क किया ।

वॉल पेंटिंग के माध्यम से दिया रक्तदान का संदेश

विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में अजमेर के राजकीय महिला चिकित्सालय के न्यूरक्त केन्द्र में मंगलवार को आईएचटीएम विभाग द्वारा वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. अनिल सामरिया ने फीता काटकर किया। वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया और ब्लड डोनेशन थीम पर रंग बिरंगी, कलात्मक और प्रेरणादायक वॉल पेंटिंग तैयार की। इन पेंटिंग्स के माध्यम से प्रतिभागियों ने रक्तदान के महत्व, इसके सामाजिक और मानवता से जुड़े लाभ और स्वेच्छा से रक्तदान की जरूरत को रचनात्मक तरीके से दर्शाया। पेंटिंग्स ने दर्शकों और उपस्थित लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन में निर्णायक मंडल द्वारा प्रथमए द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया गयाए जिन्हें 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के मुख्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सामरिया ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की कलात्मकता और सकारात्मक सोच की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है और ऐसे आयोजनों से युवाओं

- **प्रतियोगिता का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. अनिल सामरिया ने फीता काटकर किया। वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया और ब्लड डोनेशन थीम पर था**

एवं आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता व प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता की पेंटिंग्स अब रक्त केन्द्र की दीवारों को न केवल सजाएंगी बल्कि हर आने वाले मरीजए परिजन और आगंतुक को रक्तदान का महत्व भी बताएंगी। इस अवसर पर राजकीय महिला चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ. पूर्णिमा पचौरी, जेएलएन के अधीक्षक डॉ. अरविन्द खरे, आईएचटीएम विभागाध्यक्ष डॉ. जीसी मीणा, स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. दीपाली जैन, रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ. नसीम अख्तर सहित नर्सिंग कॉलेज के कई वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षकों एवं ट्यूटर उपस्थित रहे।

वार्षिक उत्सव में गुंजी संगीत की स्वर लहरी

ब्यावर (निसं) आचार्य प्रेमराज जी आर्य की स्मृति में सारेगामा सुर संगम का वार्षिक उत्सव होटल राजमहल मे नए पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिषेक चौहान एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप मे सोहनलाल शर्मा, ईशिका जैन, शिवा राणा, जीत कुमावत, रमेश जादम और विशिष्ट अतिथियों के रूप मे राजेंद्र बाड़मेरा, अशोक खन्ना, अर्जुन सांखला, जगदीश प्रसाद चारण , संजय सिंह गहलोत, सतीश गर्ग, अर्जुन कृपलानी, हरिकिशन तिलोकानी, राम पंजाबी, राजू भाई टाइगर बैटरी, नरेश झंवर, सत्यनारायण अठावाल थे। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य संगीत प्रेमियों ने कार्यक्रम मे अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम संयोजक मुकेश बुडल ने बताया कि शाम से ही प्रारम्भ हुए कार्यक्रम ने देर रात्रि तक श्रोताओ को बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना - लकी सोलंकी, मुस्कान ज्ञानचंदानी, कमल कृपलानी, मुकेश लखन द्वारा.. सरस्वती वंदना सुनीता चौधरी और तपेन्द्र व्यास द्वारा... हेमंत कुमावत ने.. पवनसुत विनती बारंबार से की।

राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर की मासिक मीटिंग

ब्यावर (निसं) केंद्र सरकार द्वारा पेंशनरों को आठवे वेतन आयोग का लाभ नहीं दिए जाने के विरोध में 23 जून 2025 को संपूर्ण भारत में राज्यों की राजधानियों में प्रदेश सरकारों को ज्ञापन दिया जाएगा। राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर की मासिक मीटिंग मंगलवार को राज दरबार गार्डन में अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता एवं भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा के मैनेजर अरुण कुमार राव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई । बैठक की शुरुआत जैतारण उप शाखा से पेंशनर प्रहलाद गौड़ द्वारा गणेश जी की वंदना के साथ हुई । बैठक का संचालन जिला मंत्री हेमंत दीक्षित द्वारा किया गया जिन्होंने गत मीटिंग की प्रोसिडिंग को पूर्ण रूप से पढ़ा तथा सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने उसका उनमोदन किया । जिला मंत्री द्वारा सभी सदस्यों से अपनी समस्याओं को सदन में रखने को कहा गया । इस पर कई सदस्यों ने पेंशनरों से संबंधित अपनी समस्याओं को सदन में रखा जिसका प्रत्युतर अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार ने देकर सदस्यों को संतुष्ट किया । केंद्र सरकार ने माह मार्च 2025 को एक विधेयक पास कर कानून बना दिया जिसमें दिसंबर 2025 तक सेवा निवृत्त होने वाली

- **राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा ब्यावर की मासिक मीटिंग मंगलवार को राज दरबार गार्डन में अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता एवं भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा के मैनेजर अरुण कुमार राव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई ।**

पेंशनरों को आठवे वेतन आयोग का लाभ नहीं देने का निर्णय किया गया है , ऐसा ही नहीं इस कानून में इस बात को भी सम्मिलित कर लिया गया है कि इसके विरोध में पेंशनर न्यायालय में भी नहीं जा सकते ।इस कानून के विरोध में राष्ट्रीय स्तर के पेंशनर संगठनों ने केंद्र सरकार को ज्ञापन देकर इस कानून को वापस लेने का अनुरोध किया। उनकी बातों को नहीं सुनने पर ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर फेडरेशन ( ) ने विगत दिनों में कई मीटिंग्स करी तथा मई माह में बेंगलुरु में सभी राज्यों के प्रदेश पेंशनर अध्यक्षों के साथ एक मीटिंग करी तथा उसमें यह निश्चय किया गया कि संपूर्ण भारत में राज्यों की राजधानियों में दिनांक 23 जून 2025 सोमवार को सभी राज्य सरकारों को ज्ञापन दिया जाएगा कि केंद्र सरकार शीघ्र ही इस कानून को वापस ले जो पेंशनरों के मूल हितों पर कुठाराघात कर रहा है ।अध्यक्ष नारायण सिंह पंवार ने ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर फेडरेशन के आ ान को सदन के सामने रखा तब संपूर्ण सदन ने एक मुश्त अपने दोनों हाथ खड़े करके इसका पुरजोर समर्थन किया। मीटिंग में सलाहकार मंडल सदस्य डॉक्टर शंकर लाल चौधरी सेवानिवृत एसोसिएट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय , जो पिछले तीन वर्षों से पेंशनर समाज ब्यावर के पेंशनरों की आयकर विवरणिका निशुल्क एवं निस्वार्थ लगातार भर रहे हैं । इस बार भी आयकर विवरणिका भरने के लिए पेंशनरों को उनके पैन कार्ड नंबर एवं मोबाइल नंबर से चौधरी साहब को अवगत कराने के लिए कहा । मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की मुख्य शाखा मैनेजर अरुण कुमार राव ने वर्तमान समय में साइबर क्राइमरों द्वारा पेंशनरों को उनकी ठगी से बचने के लिए कई प्रकार के उपायों से अवगत कराया । उन्होंने पेंशनरों को मोबाइल से योनो एप जो स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया का ऐप है उससे नेट बैंकिंग करने का सुझाव दिया तथा अपने मोबाइल फोन को किसी अपरिचित को नहीं देने का आ ान किया । उन्होंने बैंक के एटीएम कार्ड से ट्रांजैक्शन करते समय भी किन-किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए उससे अवगत कराया ।मीटिंग में सभी सदस्यों ने पूर्ण सहमति दी कि पेंशनर समाज की मासिक मीटिंग में प्रति माह स्वास्थ्य की जागरूकता एवं अन्य आवश्यक जानकारी के लिए डॉक्टर, आयुर्वेदिक चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी , पुलिस अधिकारी , बैंक्स के मैनेजर एवं अन्य कोई पेंशनरों के हित की बात रखने अथवा बताने के लिए किसी एक वार्ताकार को आवश्यक रूप से बुलाने की व्यवस्था जिला स्तर पर की जाय ।पेंशनर समाज ब्यावर के मुख्य सलाहकार गणपत सिंह मुग्धेश के द्वारा हास्य कविता एवं हास्य चुटकुले प्रस्तुत किए गए जिनको सुनकर पूरा सदन लोटपोट हो गया । जैतारण उप शाखा के अध्यक्ष देवीलाल रिणवा , टॉडगढ़ उप शाखा के अध्यक्ष डाउ सिंह चौहान , जवाजा उप शाखा के अध्यक्ष किशन सिंह रावत तथा बड़ा खेड़ा उप शाखा के अध्यक्ष बसंत सिंह चौहान भी उपस्थित हुए । नव सेवा निवृत पेंशनरों का माल्यार्पण कर स्वागत किया उनमें राजेंद्र दगदी , लक्ष्मण राम प्रजापति , चंद्रप्रकाश कृपलानी एवं सोहनलाल मेघवाल थे तथा इस माह में जिन पेंशनर भाइयों के जन्मदिन एवं शादी की सालगिरह आती है उनका भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया जिनमें बालू सिंह गहलोत , रामगोपाल , राधेश्याम शर्मा, भैरू सिंह रावत , भंवरलाल काठात , मिठु प्रसाद , भीम सिंह , रमेश जी तोतला , किशन सिंह रावत जवाजा , चंद्रभान सिंह कुड़िया एवं प्रकाश कौर थी ।सदन में जैतारण उप शाखा के अध्यक्ष देवीलाल रिण